2016 AUTO EXPO THE MOTOR SHOW

₹60
लाख रुपये की
है एडवांस एंबुलेंस

ढाई करोड़ में स्टडबेकर

इसे विंटेज कारों की दीवानगी नहीं तो और क्या कहेंगे कि ऑटो एक्सपो में प्रदर्शित इंडियाना यूएसए की स्टडबेकर स्टारलाइट कार उसके मौजूदा मालिक ने कुछ साल पहले ढाई करोड़ की कीमत देकर खरीदी थी।

एंबुलेंस है या चलता-फिरता अस्पताल

अमर उजाला ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। फोर्स के पवेलियन में खड़ी तकरीबन 7 मीटर लंबी और 2 मीटर से ज्यादा चौड़ी एंबुलेंस किसी चलते फिरते अस्पताल से कम नहीं है। इसमें दो एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम हैं। कुल चार मरीज और ड्राइवर सहित सात लोगों को ले जाने में सक्षम इस एंबुलेंस की कीमत करीब 60 लाख है। इसमें लाइफ सपोर्ट सिस्टम और बाकी उपकरणों की कीमत भी शामिल है। अगर कोई बिना उपकरणों के इसे लेना चाहे तो कीमत करीब 36 लाख होगी। यह एंबुलेंस पूरी तरह से आधुनिक हैं। अन्य एंबुलेंस के मुकाबले किसी आपदा के समय इनमें ज्यादा मरीजों को ले जाया जा सकता है। इनका उत्पादन इंदौर में हो रहा है।